# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




3 तकनीक से बढ़ेगी किसानों की आमदनी



4 युद्ध पिपासु ताकतें मर्चेंट नेवी जहाजों को बख्शें




9 अमेरिका-ईरान तनाव से सोने की चमक फीकी



11 सिनर ने जीता मियामी ओपन खिताब


# हथियार उठाने वाले चुकाएंगे कीमत

## नक्सलवाद का खात्मा करने की डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले संसद में चर्चा



**नई दिल्ली, 30 मार्च. गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चर्चा के दौरान सरकार की तरफ से जवाब दिया. उन्होंने कहा कि जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, ऐसा नहीं चलेगा. हथियार उठाने वालों को उसकी कीमत चुकानी होगी.**

शाह ने कहा- सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया. वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया. कांग्रेस ने आजादी के बाद 75 साल में 60 साल राज किया. फिर आदिवासी विकास से क्यों बच गए. कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं. अपने गिरेबान में झांककर देखिए. जो लोग नक्सलवाद की वकालत करते हैं, उनसे पूछना चाहता हूं ये सब 1970 से अब तक क्यों नहीं हुआ था. बता दें कि संसद में आज नक्सलवाद पर चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हो रही है. शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं. उन्होंने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है. बस्तर के हर एक गांव में स्कूल खोलने के लिए एक अभियान चलाया गया.

### लोकसभा में इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल पास

लोकसभा में इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल, 2025 को पारित करा लिया गया है. वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड देश के बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति में सुधार लाने में प्रमुख और अत्यंत महत्वपूर्ण फैक्टर रही है, जिसमें नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स की वसूली भी शामिल है.

### अमित शाह के भाषण के मुख्य बिंदु

- उग्रवादियों ने क्षेत्र से विकास को दूर रखा
- विपक्ष का लोकतंत्र पर कोई विश्वास नहीं है. कुछ लोगों ने भगत सिंह और भगवान बिरसा मुंडा की तुलना नक्सलवादियों से कर दी. ये क्या हिमाकत है. भगत सिंह और बिरसा मुंडा अंग्रेजों से लड़े और आप इनकी तुलना संविधान तोड़कर हथियार हाथ में लेकर निर्दोषों की हत्या करने वालों से कर रहे हैं.
- इस क्षेत्र के हर गांव में राशन की दुकान खोलने के लिए एक मुहिम शुरू की गई.
- कांग्रेस ने 60 साल राज किया. इस दौरान नक्सलवाद में 20 हजार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए और उन तक विकास नहीं पहुंचा. कौन जिम्मेदार है. क्या देश की सबसे बड़ी पंचायत को इस पर चिंतन नहीं करना चाहिए.
- नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं, एक आइडियोलॉजी है, जिसे एक राष्ट्रपति चुनाव के कारण इंदिरा गांधी ने स्वीकार कर लिया था.
- नक्सलियों के पास से जो हथियार पकड़े गए वो पुलिस से लूटे गए थे. उन हथियारों से महिलाओं, बच्चों, निर्दोष जवानों और किसानों को मारा गया.
- 1970 के दशक में नक्सलवाद की शुरुआत नक्सलवाड़ी (बंगाल) से हुई. वहां 1971 में एक साल के दौरान 3,620 हिंसा की घटनाएं वहां हुईं. 80 का दशक आते-आते पीपल्स वॉर ग्रुप बन गया और महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा में फैले.
- 2014 के बाद पांच हजार से अधिक मोबाइल के टॉवर लगने से नक्सलग्रसित क्षेत्रों के हालातों में सुधार आया.



# राजनीति में मर्यादा-अनुशासन जरूरी

## तीन राज्यों के युवा विधायकों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सीख

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 30 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीन राज्यों के युवा विधायकों को बड़ी सीख दी है. उन्होंने कहा कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन जरूरी है. वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो. व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशेष रूप से मौजूद थे. सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक शामिल हुए.

(शेष पेज 12 पर)

### युवा विधायक गंभीर अध्ययन करें : तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि युवा विधायक लोकतंत्र में नागरिकों और शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं. उनकी नई ऊर्जा और क्षमता शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है. तोमर ने युवा विधायकों से आह्वान किया कि वे संसदीय परंपराओं, नियमों और प्रक्रियाओं का गंभीर अध्ययन करें.

## एक नजर में



### लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद अरेस्ट

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है. मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था. यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे.

### फर्जी बम की धमकियां भेजने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने 1,100 से ज्यादा फर्जी कॉल कर बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार किया है. बता दें कि एक समन्वित अभियान में संदिग्ध श्रीनिवास लुइस (47) को उसके किराए के घर से हिरासत में लिया गया था. अधिकारियों ने बताया कि वह एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं और अभी बेरोजगार है और मानसिक तनाव में हो सकता है.

# देश में उर्वरक, पेट्रोल, डीजल व एलपीजी का पर्याप्त भंडार

### अंतर मंत्रालय ब्रीफिंग में दी जानकारी

**नई दिल्ली, 30 मार्च. पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर तरह-तरह की आशंकाओं और अटकलों को खारिज करते हुए सरकार ने कहा है कि इस संकट के बावजूद देश में उर्वरकों, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और वह स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है.**

उर्वरक की उपलब्धता, उत्पादन, आयात और परिवहन की निरंतर निगरानी के लिए एक आकस्मिक वार रूम स्थापित किया है. सरकार ने आश्वासन दिया है कि पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी जाएगी और किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है.

पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालय ब्रीफिंग में सोमवार को संबंधित मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध और किसानों को पहले की तरह समान कीमतों पर आपूर्ति दी जा रही है. उन्होंने कहा कि यूरिया इकाइयों को गैस आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं और उर्वरकों की आपूर्ति को कई देशों से विविधीकृत किया जा रहा है. इसके साथ ही उर्वरक की अवैध निकासी, कालाबाजारी और जमाखोरी की भी कड़ी निगरानी की जा रही है.

# एलपीजी वाहक जहाज आज और कल पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली, 30 मार्च.** केंद्र सरकार ने बताया कि लगभग 94 हजार मीट्रिक टन एलपीजी का संयुक्त कार्गो ले जा रहे दो एलपीजी वाहक जहाज, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से भारत के तटों की ओर बढ़ रहे हैं. बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर अग्रसर है और इसके 31 मार्च 2026 को पहुंचने की उम्मीद है, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मैंगलोर की ओर जा रहा है और इसके 1 अप्रैल को पहुंचने का अनुमान है. पत्तन, पोत परिवहन ने सूचित किया है कि क्षेत्र में कार्यरत भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं.

# नितिन नवीन ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

- जनता के नाम लिखा भावुक संदेश
- बिहार की जनता का प्रेम मार्गदर्शन देता रहेगा

**पटना, 30 मार्च. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार विधानसभा के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र की जनता के नाम भावुक संदेश लिखा है. उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता के साथ मेरा जो अटूट संबंध है, वह सदैव बना रहेगा और मुझे हमेशा नई ऊर्जा, प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा.**



भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा के सदस्य चुने गए हैं. इसके कारण उन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा दिया है. उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा, कार्यकर्ताओं ने मुझे भाई के रूप में, परिवार के सदस्य के रूप में और अभिभावक के रूप में अंगुली पकड़कर आज इस मुकाम तक पहुंचाया है. मैं पटना और बिहार की जनता को आश्वस्त करता हूं कि जो परिवार का भाव उन्होंने मुझे दिया है, उसका मैं सदैव सम्मान करता रहूंगा.

### सीएम नीतीश ने एमएलसी पद से दिया इस्तीफा



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता (एमएलसी) से इस्तीफा दे दिया है. सोमवार की सुबह 10.00 बजे के करीब सीएम नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा. आगामी 13 अप्रैल के बाद उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की भी संभावना जताई जा रही है. नीतीश कुमार जो अभी तक बिहार विधान परिषद के सदस्य थे, उन्होंने 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल की थी. नियमों के अनुसार, नीतीश कुमार को संसद के लिए चुने जाने के 14 दिनों के भीतर राज्य विधानमंडल से इस्तीफा देना था. इस स्थिति में राज्य विधानसभा या विधान परिषद सदस्य न होने की स्थिति में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा देना होगा.

# नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के किए तीन टुकड़े

## शव के एक हिस्से को जलाया, दूसरे को फ्रिज में रखा और तीसरे को बोरी में भरा

**विशाखापत्तनम, 30 मार्च. आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई है. भारतीय नौसेना के एक टेक्नीशियन ने अपनी ही प्रेमिका की नृशंस हत्या कर दी.**

आरोपी की पहचान 30 वर्षीय चिंतदा रविंद्र के रूप में हुई है. वो आईएनएस डेगा पर तैनात है. पिछले दो साल से गजुवाका इलाके में एक किराए के फ्लैट में रह रहा था. रविंद्र की 28 वर्षीय पोलिपसल्ली मौनिका से





मुलाकात साल 2021 में एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी. धीरे-धीरे यह जान-पहचान प्यार में बदल गई. प्यार परवान चढ़ा तो दोनों अक्सर शहर के अलग-अलग हिस्सों में मिलने लगे. रविंद्र शादीशुदा है. उसकी पत्नी बच्चे पैदा होने के बाद अपने मायके गई थी. मौका देखकर उसने दोपहर में मौनिका को अपने फ्लैट पर बुलाया. उसके पहुंचने के कुछ देर बाद दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई. आरोपी का दावा है कि मौनिका ने उससे 3.5 लाख रुपए लिए थे. उसने जब पैसे मांगे तो मौनिका उनके अवैध संबंध के बारे उसकी पत्नी को बताने की धमकी देने लगी.

इसी विवाद में रविंद्र ने अपना आपा खो दिया. गुस्से में आकर उसने गला घोंटकर मौनिका की जान ले ली. क्रूरता की हद पार करते हुए उसने शव का एक हिस्सा फ्रिज के अंदर ठूंस दिया, जबकि दूसरा हिस्सा एक बोरी में भरकर बिस्तर के नीचे छिपा दिया. सिर और हाथों वाले तीसरे हिस्से को वो सुनसान इलाके में ले जाकर उसे जला दिया. जिस वक्त फ्लैट के अंदर खौफनाक मंजर चल रहा था, बाहर की दुनिया पूरी तरह बेखबर थी. हत्या के बाद जो हुआ, उसने पुलिस के भी होश उड़ा दिए.

# खर्ग द्वीप समेत ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा कर सकते हैं : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, 30 मार्च (वार्ता) यूएस-इजराइल और ईरान के युद्ध को 31 दिन पूरे हो चुके हैं. इस बीच ट्रंप के बयानों ने कई बार चौंकाया है. अब जब युद्ध के खत्म होने के कहीं कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं. ऐसे में उन्होंने फिर दो बयान देकर दुनिया भर के देशों को चौंका दिया है.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना विस्तृत विवरण दिए दावा किया है कि क्यूबा कुछ समय बाद अमेरिका का अगला लक्ष्य होगा. अमेरिकी नेता ने पत्रकारों से कहा, क्यूबा में सब कुछ अस्त-व्यस्त है, यह एक विफल हो रहा देश है, और वह उनका अगला निशाना है. बहुत



कम समय के भीतर ही वह विफल होने वाला है.

वहीं ट्रंप ने कहा है कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में तनाव बढ़ने के साथ ही अमेरिका ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा कर सकता है, जिसमें प्रमुख निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप भी शामिल है. साक्षात्कार में श्ट्रंप ने कहा कि समझौते और युद्ध का उनका इरादा ईरान के तेल संसाधनों पर नियंत्रण हासिल करना होगा, जिसकी तुलना उन्होंने इस साल की शुरुआत में वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई से की.उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, मेरी सबसे पसंदीदा योजना ईरान से तेल छीनना है, लेकिन अमेरिका में कुछ बेवकूफ लोग कहते हैं- आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन वे बेवकूफ ही हैं. उन्होंने सुझाव दिया कि वाशिंगटन खर्ग द्वीप पर नियंत्रण कर सकता है, जिससे होकर ईरान के कच्चे तेल का अधिकांश निर्यात होता है और कहा कि यह विकल्प अभी भी विचाराधीन है.

### दौरा आज

## 44 शहरी विकास परियोजनाओं को प्रधानमंत्री राष्ट्र को करेंगे समर्पित

# पीएम गुजरात को देंगे 25 हजार करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली, 30 मार्च (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात का दौरा करेंगे और लगभग 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के साथ-साथ कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे.**

पीएम मोदी 5,300 करोड़ रुपये की 44 शहरी विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. ये परियोजनाएं राज्य भर में शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के



उद्देश्य से शुरू की गई हैं.

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री अपनी यात्रा की शुरुआत गांधीनगर से करेंगे, जहां वे महावीर जयंती के अवसर पर कोबा तीर्थ स्थित सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे.

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी वाव-थराड़ जाएंगे, जहां वे 20,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे. वे इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे. इसके बाद अहमदाबाद के साणंद में कायनेस सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन करेंगे, जो इस सुविधा में व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने का प्रतीक है. यह भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के बाद कार्यक्रम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने वाली दूसरी सेमीकंडक्टर सुविधा होगी. यह परियोजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत की दूसरी ओएसएटी/एटीएमपी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट /असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग एंड पैकिंग) यूनिट को उत्पादन चरण में लाती है.

> पीएम अहमदाबाद-ढोलेरा एक्सप्रेसवे का भी उदघाटन करेंगे, जो 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित एक नियंत्रित एक्सेस हाईवे है.ढोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में औद्योगिक विकास को समर्थन देगा और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा. इडार-बडोली बाईपास खंड के 4-लेन निर्माण का शिलान्यास करेंगे तथा ढोलावीरा-मौवाना-वौवा-सांतलपुर खंड के उन्नयन के लिए भी शिलान्यास करेंगे.

### ईरान का हैवी वाटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त : आईएईए

**वियना, 30 मार्च (वार्ता)** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित हैवी वाटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है. उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है. यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है. एजेंसी के अनुसार, उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है.

### पत्रकारों से बदसलूकी मामले में इजरायल की बटालियन सस्पेंड

**येरूशलम, 30 मार्च.** वेस्ट बैंक में पत्रकारों से बदसलूकी और उन्हें हिरासत में लेने के मामले में इजराइली सेना ने सख्त एक्शन लिया है. इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने पूरी बटालियन को सस्पेंड कर दिया और रिजर्व बटालियन की ऑपरेशनल गतिविधियों पर भी रोक लगा दी. आईडीएफ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से इसकी पुष्टि की. उन्होंने बताया कि चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ इयाल जमीर ने जूडिया और सामरिया के एरिया ए में एक चौकी को खाली कराने के दौरान इलाके की सुरक्षा करते समय पत्रकारों के साथ आईडीएफ सैनिकों के बर्ताव की जांच पूरी की.